## संक्षिप्त

### मिड-डे मील का निरीक्षण 2 व 3 को

चूरू, (का.सं.)। जिले के विद्यालयों में मिड-डे मील योजना में वितरित किए जा रहे कोम्बो पैक एवं खाद्यान्न का सघन निरीक्षण 2 व 3 मार्च को किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारंभिक शिक्षा संतोष महर्षि ने बताया कि जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने विभिन्न अधिकारियों को 2 एवं 3 मार्च को सघन निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है।

### राखी बिरला आज सालासर आएंगी

चूरू, (का.सं.)। दिल्ली विधानसभा उपाध्यक्ष राखी बिरला 1 मार्च को सालासर आएंगे। वे मंगलवार शाम सात बजे सालसर मंदिर में आरती में भाग लेंगी। उसके बाद वे सालासर में रात्रि विश्राम के बाद 2 मार्च को सवेरे 9 बजे सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन करेंगे तथा उसके बाद दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

### परीक्षा आवेदन एवं संशोधन 4 तक

चूरू, (का.सं.)। चूरू जिले के कक्षा 8 के परीक्षा प्रभारी सुमेर सिंह पूनिया ने बताया कि पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान बीकानेर के निर्देशानुसार विद्यार्थी हित में अंतिम अवसर देते हुए शाला दर्पण पीएसपी पोर्टल को 4 मार्च तक वापस शुरू किया जा रहा है। वंचित विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन अनलॉक करने तथा संशोधन करने का कार्य 4 मार्च तक किया जा सकता है।

### सीएम के सलाहकार से मिले चौहान

चूरू, (का.सं.)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जमील चौहान जयपुर में पूर्व मुख्य सचिव व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निजी सलाहकार नीरज आर्य से मुलाकात कर जिले की स्थिति से अवगत करवाया। चौहान ने आर्य को चूरू जिले की प्रशासनिक एवं राजनीतिक स्थिति से अवगत करवाते हुए सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति से अवगत करवाया। उन्होंने समस्याएं कारण एवं निवारण पर भी चर्चा की। आर्य ने चौहान से प्राप्त जानकारी को सकारात्मक बताया।

### गायों के लिए चारे की व्यवस्था

बीदासर, (निसं)। कस्बे में आवारा व असहाय गौवंष के लिए संचालित श्रीषिवकृश्ण गौषाला में दड़ीबा निवासी गौभक्त समाजसेवी स्वर्गीय लादुराम नेमीचंद रामदेव एवं जंवरीलाल राठी परिवार की पौत्रियों के आर्थिक सहयोग से गौशाला की गायों के लिये एक ट्रोला चारे की व्यवस्था की गयी है। गौशाला के अध्यक्ष राजकुमार ने गौशाला में दिए गए सहयोग के लिए राठी परिवार दड़ीबा को साधुवाद दिया और कहा कि हमारी गौशाला के लिए यह बड़े ही सौभाग्य कि बात है कि ऐसे उदारमना गौभक्त बहन-बेटियों द्वारा एक साथ में यथासम्भव गायों के लिए चारे कि व्यव्स्था की गयी है।

### विद्यार्थियों ने लगाई पर्यावरण प्रदर्शनी

सुजानगढ़, (निसं)। स्थानीय गोपाल कृष्ण शास्त्री माध्यमिक विद्यालय में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कक्षा 6 के छात्र-छात्राओं ने गमलों में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# झुंझुनूं में कलेक्टर क्लास के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। कोविड महामारी के चलते झुंझुनूं में करीब एक साल से बंद पडी कलेक्टर की क्लास को लेकर नए कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी ने सुध ली है। कलेक्टर की क्लास पुनः शुरू हो इसके लिए जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी ने प्रवेश परीक्षा आयोजित करवाई। जिला मुख्यालय पर जेबी शाह गर्ल्स कॉलेज में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक हुए तीन घंटे के पेपर में यूपीएससी स्तर के सवाल पूछे गए।

अभ्यर्थियों ने बड़ी उत्सुकता के साथ परीक्षा में भाग लिया। हालांकि आईएएस प्रारंभिक परीक्षा के स्तर का पेपर होने पर अभ्यर्थियों को थोडा कठिन लगा। गौरतलब है कि इससे पहले भी अभ्यर्थियों की मांग पर सरकारी गाइडलाइन के साथ कलेक्टर की क्लास को शुरू करने के लिए प्रयत्न किए गए थे। लेकिन तत्कालीन कलेक्टर यूडी खान ने इस विषय को ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया। जिस पर आनलाइन क्लासेज चलती रही।



जिला मुख्यालय पर जेबी शाह गर्ल्स कॉलेज में कलेक्टर की क्लास के 271 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

**271 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा :** कलेक्टर की क्लास के समन्वयक कमलकांत जोशी ने बताया कि परीक्षा में बैठने के लिए 339 अभ्यर्थी पंजीकृत हुए थें। जिनमें से 271 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 68 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कलेक्टर की क्लास में प्रवेश परीक्षा में बैठने वालों में लडकियों की संख्या ज्यादा रही है।

■ नए कलेक्टर ने ली सुध, अब फिर से निःशुल्क तैयारी कर सकेंगे अभ्यर्थी

**निःशुल्क कर सकेंगे तैयारी :** कलेक्टर की क्लास में सौ अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। जिनको आरएएस, एसआई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी करवाई जाएगी।

लक्ष्मण सिंह कुडी जिला कलेक्टर, झुंझुनूं कर कहना है कि कलेक्टर की क्लास प्रवेश परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को आरएएस जैसी निःशुल्क तैयारी करवाई जाएगी। सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं।

## कर्मचारियों ने किया विधायक मनोज का अभिनंदन



पुरानी पेंशन स्कीम पुन लागू करने पर कर्मचारियों ने क्षेत्रीय विधायक मनोज मेघवाल का स्वागत किया।

सुजानगढ़, (निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा पुरानी पेंशन स्कीम पुन लागू करने पर कर्मचारियों ने सोमवार को क्षेत्रीय विधायक मनोज मेघवाल का स्वागत कर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताया।

राजस्थान पीएचईडी तकनीकी कर्मचारी संघ के बैनर तले जिलाध्यक्ष मोहनराम मूण्ड के नेतृत्व में जय निवास पर विधायक मनोज मेघवाल का कर्मचारियों ने माल्यार्पण व साफा पहनाकर सम्मान किया। मुंड ने कहा कि मुख्यमंत्री ने वेतन कटौती व पुरानी पेंशन योजना को पुन बहाल कर राजस्थान के सात लाख कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी है। विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि जनकल्याण के कार्यों के लिए प्रसिद्ध मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट भाषण में एक साथ लाखों परिवारों का पेंशन योजना को बहाल कर कल्याण किया है। विधायक ने कहा की कर्मचारियों में इतनी खुशी है कि वो डीजे पर डांस कर अपनी खुशी जाहिर कर रहे है। शिक्षक संघ ने नेता रामचंद्र गोदारा ने कहा की मुख्यमंत्री की इस घोषणा के बाद कर्मचारियों में खुशी का माहौल है, आने वाले विधानसभा चुनावों में कर्मचारी वर्ग इस फैसले का स्वागत करेंगे। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष गोपालराम, बजरंगलाल, मूलाराम, नेमाराम, रामपाल, जवाहरदास, देवेंद्र निठारवाल, भंवरलाल, भगवानाराम, सुरेंद्र, शंकर सैनी, धनराज, सोहनलाल, खुमाराम, लालाराम, अमर सिंह, जयराम, बलराम, मनोज, महावीर, जयकिशन, रामेश्वरलाल, नानूराम, दिने खान, शुशील जैन सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

## नर्स का स्थानान्तरण रूकवाने की मांग, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

सादुलपुर, (निसं)। गांव सेऊवा में स्थित पीएचसी में कार्यरत नर्स का नर्स का स्थानांतरण रुकवाने की मांग को लेकर सेऊवा गांव के ग्रामीणों ने तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया है।

ग्रामीणों ने रोष करते हुए बताया कि नर्स शर्मिला के स्थानान्तरण को लेकर ग्राम पंचायत मुंदीताल, रतनपुरा, डोकवा, भुवाड़ी तथा सेऊवा ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले लगभग 28 गांवों के ग्रामीणों में स्थानांतरण को लेकर रोष व्याप्त है। सेऊवा निवासी रामकुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर बताया कि शर्मिला नर्स द्वितीय का स्थानांतरण बिना किसी कारण रतनगढ़ कर दिया गया है, जबकि नर्स शर्मिला कि कोई शिकायत भी नहीं थी।

■ जब तक मांग पूरी नहीं होगी, तब तक ग्रामीणों की ओर से प्रदर्शन जारी रहेगा

साथ ही बताया कि नर्स सरकार की योजना अनुसार गाँव के लोगों को लाभान्वित करने में भी अग्रणी रही है, लेकिन बिना किसी कारण के उनका स्थानांतरण करना न्याय संगत नहीं है।



नर्स शर्मिला का स्थानान्तरण करने के विरोध एवं स्थानान्तरण रद्द करने की मांग को लेकर सेऊवा गांव के ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी, तब तक ग्रामीणों की ओर से धरना और प्रदर्शन जारी रहेगा। ग्रामीणों ने बताया कि शीघ्र ही नर्स शर्मिला का स्थानांतरण नहीं रोका गया तो ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को आंदोलन तेज करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस अवसर पर मोहरसिंह, केसर राम, धनपत पूनियां, रिछपाल सिंह सहित अन्य ग्रामीणों नें रोष जताते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। गौतलब है कि ग्रामीणों नें नर्स शर्मिला का स्थानान्तरण रदद करने की मांग के समर्थन में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है।

## 'अत्यावश्यक सेवाओं को अधिकारी दुरुस्त रखें'

चूरू, (का.सं.)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर लोकेश गौतम ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिले में अत्यावश्यक सेवाओं और संपर्क पोर्टल पर प्रकरणों के निस्तारण को लेकर समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी जिले में बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रखें और यह देखें कि आमजन को अनावश्यक परेशानी नहीं हो। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमित तौर पर पोर्टल को लॉगिन करें और प्रकरणों की मॉनीटरिंग करें। सरकार की मंशा के अनुसार लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दो माह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को अत्यंत गंभीरता से लें और जल्दी से जल्दी समाधान करवाएं। उन्होंने राज्यपाल, मुख्यमंत्री कार्यालय तथा विभिन्न आयोगों आदि से प्राप्त प्रकरणों के भी प्राथमिकता से निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे संपर्क पोर्टल पर समस्याओं के निस्तारण में लगने वाले औसत समय को कम करें और प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें ताकि लोगों को वास्तविक राहत मिले और उनकी संतुष्टि का स्तर बेहतर हो।

इस दौरान सीईओ रामनिवास जाट, एसीपी मनोज गर्वा, जलदाय विभाग के एसई जेआर नायक, सानिवि एसई शिशपाल सिंह, कमिश्नर अभिलाषा सिंह, सहायक निदेशक जनसंपर्क कुमार अजय, डीएसओ सुरेंद्र महला, आईसीडीएस डीडी सीमा गहलोत सहित अधिकारीगण मौजूद थे।

## प्रदर्शनी का अवलोकन किया

सादुलपुर, (निसं)। श्री एस.जे.डी. अग्रवाल (तोला) स्मृति महिला पी.जी. कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी 'विंगस ऑफ आर्टस-2022' का आगन्तुक महानुभावो के द्वारा अवलोकन किया गया।

प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि शहर के प्रतिष्ठित नागरिक बन्धूओं सहित विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के संकाय सदस्यों छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सी.आर. मैमोरियल शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालय, बी.पी. मोहता सी.सै. स्कूल, सत्यनारायण डोकवेवाला, अनिरूद्ध पाटोदिया, गणेश दाहिमा, शिक्षाविद् मूलचन्द शर्मा, शुभराम जांगिड़, इन्दुमार गोस्वामी, सागरमल, डॉ. दिनेश बासोतिया, प्रो. प्रवीण भारद्वाज, प्रो. विवेक पारीक, रमेश भरतिया, सोनिका गोयल, संतोष बैरासरिया, वन्दना, सीमा भरतिया, रेणू, प्रीति, सीमा पाटोदिया आदि ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## 'नई पीढ़ी वैज्ञानिक सोच के साथ देश को और ऊंचाईयों तक लेकर जाए'

चूरू, (का.सं.)। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में विभिन्न धर्म, वर्ग, जाति, समूहों के स्त्री और पुरुष मिलकर अंग्रेजों से लड़े और आजाद भारत के सपने देखते हुए अपना सर्वस्व होम दिया। तब कहीं जाकर हमें आजादी मिली। भारतीय फलक पर उस वक्त स्त्रियों की स्थिति उतनी सामान्य नहीं थी। फिर भी आजादी आंदोलन में कमला नेहरू जैसी अनेक स्त्रियों ने अपने घर को आजादी आंदोलन का कैंप बनाया और स्वतंत्रता की अलख जगाई। यह विचार भारत की स्वतंत्रता के पचहतरवें साल पर जिला प्रशासन और महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति की ओर से सोमवार को राजकीय बुधिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, रतननगर में स्वतंत्रता सेनानी कमला नेहरू के स्मृति दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास जाट ने व्यक्त किए। सीईओ रामनिवास जाट ने कहा कि आजाद भारत में नई पीढी वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ते हुए देश को और ऊंचाईयों तक लेकर जाएगी तब ही स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान सार्थक होगा। मुख्य वक्ता राजकीय लोहिया महाविद्यालय में एसोशिएट प्रोफेसर डॉ.सरोज हारित ने कहा कि आर्थिक रूप से समृद्ध विरासत की बनी कमला नेहरू भारत के आजादी आंदोलन में विभिन्न मोर्चों पर डटी और जेल गई। अपने पति जवाहरलाल नेहरू के संघर्ष की सहधर्मिणी और बेटी इंदिरा के संस्कारों की दात्री कमला नेहरू स्वदेशी आंदोलन और असहयोग आंदोलन के वक्त जनजागरूकता हेतु आनंद भवन छोड़कर सड़कों पर आई और जनमानस में एक जज्बा पैदा किया।

## पुलिया से कूद कर युवक ने की आत्महत्या

सादुलपुर, (निसं)। सादुलपुर हिसार रेल खण्ड पर दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हिसार जाने वाली रेल रेल लाइन पर सुरतपुरा के निकट एक व्यक्ति हाईवे पुलिया सें कूद गया और उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस अधिकारियों द्वारा इस बात की पुष्टि नहीं की गई है। मगर प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो युवक संभवत पुलिया सें कूद कर ट्रेन के आगे आने के लिए कूदा था। मगर ट्रेन पर ना गिरा तथा रेल लाईन के साईड में नीचे लाइनों के पास गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ड्राइवर, गार्ड नें ट्रेन को रोक कर सादुलपुर स्टेशन के जीआरपी थाने में घटनाक्रम की सूचना दी। जिस पर जीआरपी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को तत्काल ही अस्पताल पहुंचाया मगर उसने दम तोड़ दिया। सूत्रों के अनुसार मृतक युवक की पहचान हरियाणा के सुरपुरा (बहल) निवासी संदीप पुत्र सज्जन जाट के रूप में हुई है।

# हजरत हाजी शक्करबार पीर बाबा के 753 वें उर्स के मेले में हजारों जायरीन उमड़े

चिड़ावा, (निसं)। हजरत हाजी शक्करबार पीर बाबा के 753 वें उर्स के मेले में हजारों की संख्या में जायरीन राजस्थान सहित हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश आदि संख्या में आये। पंजाब के सिख जत्थे द्वारा ढोल नगाड़ों से शाही चादर चढ़ाई गई जो आकर्षण का केन्द्र रही। जगह जगह स्वयंसेवी संस्थाओं व दरगाह फाउंडेशन द्वारा पानी व लंगर की व्यवस्था की गई। तीन साल से इस वर्ष भरे इस उर्स के मेले में जायरीनों का उत्साह देखते ही बनता था। महिलाओ व बच्चों ने खिलोने व अन्य प्रकार की वस्तुओं की जमकर खरीददारी करी।

■ पंजाब के सिख जत्थे द्वारा ढोल नगाड़ों से शाही चादर चढ़ाई गई जो आकर्षण का केन्द्र रही



हजरत हाजी शक्करबार पीर बाबा के उर्स के मेले में हजारों की संख्या में जायरीन राजस्थान सहित हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश आदि जगह से आये।

दरगाह इंतजामिया कमेटी द्वारा साफ सफाई , बिजली व पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से की गई। नरहड़ पीएचसी नरहड़ औषधालय व बिड़ला अस्पताल पिलानी द्वारा चिकित्सा व्यवस्था बनी रही। प्रशासन द्वारा पिलानी थानाधिकारी, एसडीम चिड़ावा, तहसीलदार चिड़ावा की निगरानी में पुलिस, एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन हर समय तैयार रखे गए। मेले में सहयोग हाजी अजीज खां, सरपंच जयसिंह गढ़वाल, नायब सदर लतीफ पठान, रामसिंह बगराणिया, अब्दुल करीम, मोशिम खां, करीम पीरजी, कृष्ण जांगिड़ आदि ने किया।

## जंगली जानवर आने से दहशत

चिड़ावा, (निसं)। सुलताना कस्बे के खुडोत रास्ते पर खेतों में रहने वाले लोगों को जंगली जानवर दिखाई देने पर दहशत फैल गई। जो कि किसानों को देखकर खेतों की तरफ भाग गया।

रविवार को दिनभर ग्रामीणों ने खेतों में जानवर की तलाश की। अज्ञात जानवर के गिडानिया के खेतों तक पगमार्क के निशान मिले हैं। ग्रामीण संपत सिंह ने बताया कि देर रात्रि को अज्ञात जानवर उनकी पालतू बिल्लू को उठा ले गया। जिसके बाद जानवर ने पड़ौस में संतोष देवी के घर के बाहर पालतू श्वान को भी शिकार बना लिया। जिसे देखकर दहशत में आए ठाामीणों ने चिड़ावा वन विभाग को सूचना दी। जिसके बाद वन विभाग की टीम खुडोत रास्ते पर पहुंची। जहां पगमार्क के आधार पर जंगली जानवर की तलाश शुरू की। जो कि दिनभर की तलाशी के बाद भी नहीं मिला। टीम को गिडानिया गांव के खेतों तो जंगली जानवर के पगमार्क मिले हैं। सहायक वनपाल मुकेश कुमार के बताया कि जानवर की तस्दीक के लिए पगमार्क की फोटो जांच के लिए भेजी हैं।

## सार-समाचार

### श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ में उमड़े भक्त

चूरू, (का.सं.)। प्रतिभा नगर स्थित श्री श्याम मंदिर के वार्षिकोत्सव पर सोमवार को बाबा श्री श्याम की अखण्ड ज्योत मंदिर के पुजारी सन्तोष बुढाढरा ने लेकर पाठ का शुभारम्भ किया। पंडित रतनलाल जोशी व पंडित श्यामसुन्दर बुढाढरा ने पूजा अर्चना करवाई। पाठ का वाचन गायक आशीष शर्मा व मनीष राज खाण्डल ने अखण्ड ज्योत है अपार माया, श्याम प्रभू थारी प्रबल छाया संपूट आदि के साथ पाठ को परवान चढाया। पाठ में ओमास ग्रुप हिसार द्वारा शिवपूजन, भीम अहलवती ब्याह व श्रीश्याम जन्मोत्सव बर्बरिक शिशदान आदि झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। श्याम मित्र मण्डल आयोजन समिति द्वारा श्याम जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं को टोफिया व खिलौना देकर बधाई दी। आयोजन समिति के कैलाश चन्द नवहाल ने बताया कि मंगलवार दोपहर दो बजे श्रीश्याम प्रभु की शोभायात्रा व निशानयात्रा श्री श्याम मंदिर से निकाली जायेगी। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्ग से निकलेगी। शोभायात्रा यात्रा में नृत्य नाटिका आकर्षण का केंद्र रहेगी।

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

पाटन, (नि.स) मेघवंश जागृति संस्थान एवं अनुसूचित समाज सामूहिक विवाह समिति के संयुक्त तत्वावधान में 27 मार्च 2022 को खंडेला में आयोजित होने वाले 14वें सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए आज शहर के गुरारा मोड़ स्थित डॉ अम्बेडकर भवन में परिचय सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें अनुसूचित समाज के विवाह योग्य युवक व युवतियों का परिचय एवं जोड़ो का रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। मेघवंश संस्थान के अध्यक्ष डॉ रणजीत मेहरानिया ने बताया कि इस सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए जोड़ा निर्माण एवं समन्वय समिति का गठन भी किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से बाबूलाल रलावता को अध्यक्ष, हनुमान सहाय बुनकर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मानकचन्द खंडेला को उपाध्यक्ष, बाबूलाल गुवारिया को महासचिव, पूरणमल किरोड़ी को सचिव, चिरंजीलाल किरोड़ी को संयुक्त सचिव, मुक्तिलाल जोगपाल को कोषाध्यक्ष व मंगलचंद गुढ़ा, गरीबाराम गुरारा, धर्मपाल नर्सिंगपूरी, चुन्नीलाल कांवट, घासीराम घसीपुरा, घासीराम भगेगा, शंकरलाल कंचनपुर, शंकरलाल सेलदीपुरा, राजेन्द्र मेहरानिया, भगीरथ गुढ़ा व सोहनदास महाराज को सदस्य की जिम्मेदारी दी गई।अम्बेडकर भवन में आयोजित हुई संस्थान की मीटिंग में खंडेला के पूर्व प्रधान शिवदयाल पालीवाल, संस्थान के कोषाध्यक्ष हंसराज किलानिया व सदस्य किशनलाल गांवड़ी, राजेंद्र प्रसाद मानोतिया, महावीर जोगपाल, बाबूलाल पालीवाल आदि उपस्थित रहे एवं समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्यों का माला पहनाकर सम्मान किया भी किया गया।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए सारस्वत का किया अभिनंदन

चूरू, (का.सं.)। राजकीय डेडराज भरतिया अस्पताल के सहायक लेखाधिकारी श्रीकृष्ण सारस्वत का विभागीय कार्यो में उत्कृष्ट कार्य करने पर सोमवार को कार्यालय परिसर में भव्य अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सारस्वत का माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अस्पताल अधीक्षक डॉ. शरद जैन ने कहा कि सारस्वत ने अपनी राजकीय सेवा में सराहनीय कार्य कर एक मिशाल पेश की है। डॉ. जैन ने सारस्वत के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने मेहनत, लगन व दृढ़ निश्चय के साथ विभागीय कार्य को संपादित किये। इसके साथ ही इन्होंने समय-समय पर अस्पताल में आने वाले रोगियों के लिए कंबल, रजाई, बेडशीट भी वितरित किये और भामाशाह के क्षेत्र में भी इन्होनें उल्लेखनीय कार्य किये है। इस अवसर पर पर प्रताप सिंह, प्रमोद कुमार कौशिक, डॉ. जेपी माहिच, डॉ. बी. एल. नायक, सुरेंद्र कुमार शर्मा, अशोक कुमार जांगिड़, दिनेश सैनी, प्रवीण कुमार कस्वां, मुकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में अस्पताल स्टॉफ उपस्थित थे।

### नर्सिंग अधीक्षक कैलाश सैनी का किया अभिनंदन

चूरू, (का.सं.)। राजकीय भरतिया अस्पताल के नर्सिंग अधीक्षक कैलाश सैनी का सोमवार को राजकीय सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर समारोह पूर्वक अभिनंदन किया गया। अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में हुए एक सादे समारोह में सैनी का माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह् देकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अस्पताल अधीक्षक डॉ. शरद जैन थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता नर्सिंग युनियन के जिला अध्यक्ष सुमेर सिंह सिहाग ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नर्सिंग यूनियन के जिला अध्यक्ष सुमेर सिंह सारण ने कहा कि सैनी ने विभागीय कार्यों को पूरा करते हुए रोगियों की तन-मन धन से सेवा की है। इस उपलक्ष्य में आज इसको अस्पताल की ओर से इनका अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर मामाराज ईषराण, रामगोपाल ईषराण, डॉ. जेपी माहिच, मोहम्मद सलीम, सुमन सारण, मंगल सिंह राठौड़, प्रदीप सैनी, रणजीत गावडियां, अंकित सिंह, राहुल कस्वां संदीप शर्मा, डॉ. एफ.एच. गौरी, योगेश मोदी, डॉ. रतन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में नर्सिंग यूनियन, डॉक्टर्स व अस्पताल स्टाफ उपस्थित था।

### बॉर एसोसिएशन चूरू के चुनाव संपन्न

चूरू, (का.सं.)। चूरू जिला मुख्यालय पर सोमवार को जिला अभिभाषक संघ चूरू के वार्षिक चुनाव संपन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी मोहर सिंह लाम्बा ने जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष पद के लिए नरेन्द्र सिंहाग व सुरेन्द्र सिंह के बीच चुनाव हुआ जिसमें कुल 575 वोट पड़ें । जिसमें से नरेन्द्र सिंहाग को 200 मत मिले तथा सुरेन्द्र सिंह शेखावत को 369 मत मिले। जिसमें 169 मतों के अंतर से सुरेन्द्र सिंह शेखावत जिला अभिभाषक संघ चूरू के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। अतिरिक्त निर्वाचन अधिकारी मोहर सिंह लाम्बा ने बताया कि उपाध्यक्ष पद के लिए मनोज गहलोत व राकेश बहादुर खान के बीच चुनाव हुआ जिसमें कुल 575 मत गिरे जिसमें से मनोज गहलोत को 337 मत एवं राकेश बहादुर खान को 215 मत मिले जिसमें 122 मतो के अंतर से मनोज गहलोत उपाध्यक्ष बने हैं। गौरतलब रहे कि चार पदो के लिए पूर्व में र्निविरोध पहले ही सदस्यों का चुनाव हो चुका था। जिला मुख्यालय पर हुए चुनाव में वरिष्ठ व नई पीढी के सभी अधिवक्ताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

### धार्मिक मेले का आयोजन आज

बीदासर, (निसं)। जसनाथ महाराज के अनुयायी सिद्ध समुदाय के लोगों का विशाल मेला सिद्ध धाम रूस्तम धोरा छात ओरण आलसर बास में मंगलवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर भरेगा। इस अवसर पर किसननाथ खुणखुणियां बीनादेसर एण्ड पार्टी द्वारा प्रस्तुत षब्द गायन की धुन पर जलते अंगारों पर अग्नि नृत्य किया जायेगा। इस विशाल धार्मिक आयोजन में दूर-दूर से सिद्ध समुदाय के हजारों की संख्या में लोग भाग लेंगे। जसनाथ धाम सिद्ध रूस्तम धोरा ओरण ट्रस्ट के अध्यक्ष कुशलनाथ सिद्ध ने बताया कि इस अवसर पर जन प्रतिनिधि व समाज सेवी सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा, जिसमें वर्तमान व पूर्व सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य व शहरी क्षेत्र के वार्ड पार्शदों, समाजसेवियों, सिद्ध समाज की विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्षों व महन्तों का रूस्तम धोरा ट्रस्ट की ओर से सम्मानित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि रूस्तम धोरा छात ओरण सिद्ध पुरुश महाराज की तपोभूमि है, यहां पर हर वर्ष महाशिवरात्रि को विषाल मेला भरता है। सिद्ध समाज के लोगों में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह है।

### पौधा लगाकर जन्मदिन मनाया

पाटन (नि.स) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बल्लूपुरा की कक्षा 11 की छात्रा सचिना यादव ने अपना जन्मदिन विद्यालय में पौधा लगाकर मनाया। इस अनुठी पहल से अन्य विद्यार्थियों को भी एक प्रेरणा मिली। प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि कक्षा 11वीं की छात्रा सचिना यादव ने एक अच्छी पहल की शुरुआत की है तथा सभी विद्यार्थीयों को पर्यावरण के प्रति जागरूक होने को कहा है जिससे हम पर्यावरण से संबंधित समस्याओं से निजात पा सकते हैं। इस अवसर पर दिनेश सैनी व्याख्याता, पुष्कर दत्त, मुनेश कुमार, सुनीता मीणा आदि स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### महिला आयोग अध्यक्ष चूरू में

चूरू, (का.सं.)। राजस्थान राज्य महिला आयोग अध्यक्ष रेहाना रियाज सोमवार शाम चूरू पहुंचने के बाद दो दिन राजकीय प्रवास पर चूरू रहेंगी और सर्किट हाऊस में सवेरे 10 से 12 बजे तक लोगों से मिलेंगी।